an>

Title: Need to resume service of train no. 68019 running between Dhanbad and Chandrapur.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया।...(व्यवधान)

धनबाद-चन्द्रपुरा (डी.सी.) रेलवे लाइन बंद होने के कारण झारखंड के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।...(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर में रोज़गार, व्यापार एवं शिक्षा हेतु प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ट्रेन संख्या 68019, जो कि झाड़ग्राम से धनबाद तक चलती थी, उसके बंद हो जाने के कारण बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा इस रूट के यात्रियों की संख्या काफी है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राजू शेट्टी जी, आपको बोलने दे दिया न! आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री विद्युत वरन महतो: लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए ट्रेन संख्या 68019 को झाड़ग्राम से चाकुलिया, धालभूमगढ़, घाटशिला, भोजडीह, महुदा, जमुनीटाड़, चन्द्रपुरा होते हुए धनबाद तक चलाई जाए।

जमशेदपुर (टाटानगर) से चाकुलिया तक जो ट्रेन संख्या 58031/32 प्रतिदिन चलती थी, उसे बंद कर दिया गया और उसे सप्ताह में मात्र दो दिन चलाया जा रहा है। इसके प्रतिदिन के यात्रियों की संख्या काफी है तथा भारी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे पूर्व की तरह प्रतिदिन चलाया जाए, जिससे लोगों की परेशानी दूर हो सके।

साथ ही, टाटानगर से यशवंतपुर तक चलने वाली ट्रेन संख्या 12889, जो एकमात्र ट्रेन है और जो सप्ताह में एक ही दिन है, इसे सप्ताह में चार दिन चलाया जाए, क्योंकि काफी संख्या में लोगों को शिक्षा हेतु बेंगालुरू एवं चिकित्सा के लिए भेल्लोर आना-जाना लगा रहता है।

अतः महोदया आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित को देखते हुए अविलम्ब उपरोक्त ट्रेनों को चलाया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री विद्युत वरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

13.00 hours

श्री मनसुखभाई जी, आप कहां थे? मैंने आपका नाम लिया था।